पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में हुआ हैकाथन प्रतियोगिता का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

15 जून, 2022 को छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा की मुख्य आतिथ्य में हैक-मंथन नामक हैकाथन प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि पुलिस की तकनीकी संबंधी समस्याओं का समाधान ढूँढ़ने के लिये छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) नवा रायपुर के सहयोग से 27 मई, 2022 से 'हैक-मंथन' नामक हैकाथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।
- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (तकनीकी सेवा) कवि गुप्ता ने बताया कि महीने भर चलने वाले इस प्रतियोगिता में देश भर से सूचना प्रोद्यौगिकी से जुड़े तकनीकी संस्थान, जैसे- आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी आदि के 460 टीमें शामिल हैं।
- स्वीकृत आवेदनों के आधार पर प्रथम चरण में 13 जून से 20 जून तक हैकाथन हेतु जारी प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स का समाधान कोडिंग के माध्यम से ढूँढ़ने हेतु प्रतिभागियों द्वारा प्रयास किया जाएगा।
- प्रथम चरण के प्रतियोगिता के बाद कुल 12 टीमों को फाइनल राउंड हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। अंतिम चरण 29 जून, 2022 को होटल मैरियट, रायपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें चयनित टीमों द्वारा (अपने द्वारा) तैयार किये गए समाधान प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा।
- इन प्रस्तुतीकरण के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजिताओं की घोषणा की जाएगी, जिन्हें क्रमशः 80 हज़ार, 40 हज़ार, एवं 20 हज़ार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- तकनीकी सेवा के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि हैकाथन को प्रासंगिक एवं रोचक बनाने के लिये वास्तविक जीवन में पुलिसिंग में आ रही तकनीकी समस्याओं को प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स के रूप में इस प्रतियोगिता में समावेशित किया गया है, जिनमें शामिल हैं- क्रिप्टोकरेंसी आधारित ट्रांजेक्शन की ट्रेकिंग हेतु समाधान, सीसी टीवी कैमरों से प्राप्त फीड्स का पुलिसिंग की दृष्टि से उन्नयन, डॉयल 112 में प्राप्त होने वाले आपातकालीन कॉल्स की फील्टरिंग एवं स्पीच इमोशन रिकॉग्नेशन, सोशल मीडिया पोस्ट का सेंटिमेंट एनालिसिस तथा क्राइम डाटा विश्लेषण।
- सहायक पुलिस महानिरीक्षक (तकनीकी सेवा) मनीष शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में देश भर से 1200 से भी अधिक प्रतिभागियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो इस प्रतियोगिता की सफलता को दर्शाता है। इस प्रतियोगिता में कॉरपोरेट जगत से भी पुलिस के साथ मिलकर सयुंक्त प्रयास कर रहे हैं।
- ट्रिपल आईटी के डायरेक्टर प्रदीप सिन्हा ने अपने वक्तव्य में बताया कि पुलिस विभाग एवं ट्रिपल आईटी द्वारा यह अपने किस्म का पहला आयोजन है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किये जाने की आवश्यकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hackathon-competition-started-at-police-headquarters-nava-raipur